ओहो ! पानी जिसे आप खा सकते हैं

ओहो!
पानी जिसे आप खा सकते हैं

लंदन स्थित स्टार्ट-अप कंपनी 'स्किपिंग रॉक्स लैब' ने समुद्री शैवालों (Seaweeds) से निकाले गए पदार्थों की सहायता से एक ऐसी महीन पारदर्शी झिल्ली बनाई है जिसमें पानी को रखा या पैक किया जा सकता है, जिसे उन्होंने **'ओहो!'** नाम दिया है।

विशेषता

- समुद्री शैवाल जैसे प्राकृतिक पदार्थ से बने होने के कारण पानी को झिल्ली सहित खाया जा सकता है।
- यह महीन झिल्ली पूर्ण रूप से जैव-निम्नीकरण योग्य है जो 4 से 6 हफ्तों में प्राकृतिक रूप से अपघटित हो जाती है।
- यह पानी की पर्यावरण अनुकूल पैकेजिंग का विकल्प उपलब्ध कराती है।
- यह प्लास्टिक की बोतलों में पानी की पैकेजिंग से सस्ती पड़ती है।
- शीतल पेय, स्प्रिट, सौंदर्य प्रसाधन सामग्री सहित कई प्रकार के तरल पदार्थों की पैकेजिंग में इसका प्रयोग किया जा सकता है।

प्रभाव

- यदि यह उत्पाद सफल रहता है तो जैविक रूप से अनिम्नीकृत लगभग 1 अरब प्लास्टिक की बोतलों को प्रतिवर्ष समुद्र में जाने से रोका जा सकेगा।
- इसकी सहायता से प्रतिवर्ष लगभग 300 मिलियन किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी लाई जा सकेगी।

इन्हें भी जानिये

समुद्री शैवाल पोषक तत्त्वों से भरपूर होते हैं। इनमें विटामिन, एमिनो एसिड व प्रोटीन भारी मात्रा में पाए जाते हैं। अत: दुनिया भर में पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थों के रूप में इनका प्रयोग किया जाता है। इसके अलावा इनसे सौंदर्य प्रसाधन सामग्री, जैव उर्वरक, जैव ईंधन आदि भी निर्मित किये जाते हैं। औद्योगिक इकाइयों में विभिन्न तरल पदार्थों के निस्यंदन में भी इनका बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/oh-water-you-can-eat